150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

BHIM भारत इंटीग्रेशन मिशन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in   दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(69)RSSB/प.आ./संगणक सी.भ.प./2021/1058   दिनांकः 18/11/2021

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के विज्ञापन संख्या 03/2021 क्रमांक 943 दिनांकः 03.09.2021, के द्वारा संगणक सीधी भर्ती परीक्षा– 2021 के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे इसके लिए संगणक सीधी भर्ती परीक्षा– 2021 के आयोजन की तिथि 19.12.2021 नियत कर दिनांक 28.09.2021 को प्रेस नोट जारी किया गया था, तदानुसार ही इस परीक्षा का आयोजन निम्नांकित तालिका में वर्णित कार्यक्रमानुसार किया जावेगाः–

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	परीक्षा दिनांक	परीक्षा समय
1	संगणक सीधी भर्ती परीक्षा– 2021	19-12-2021 (रविवार)	2:00 hr (10:00 A.M. to 12:00 Noon)

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए **"प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र"** बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(हरि प्रसाद शर्मा)
अध्यक्ष